संख्या:-17/2024/आई495375/001-35आ0/23-5002-002-06-2024
(कम्प्यूटर सं0-1788276)

प्रेषक,

नीरजा सक्सेना,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता(परि0/नियो0),
लो0नि0वि0, लखनऊ उ0प्र0।

लोक निर्माण अनुभाग:-5 **लखनऊ: दिनांक 14 फरवरी, 2024**

विषय: चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में पूंजीलेखा मद के लेखाशीर्षक 4059-80-051-27-00-24 "आवासीय/अनावासीय भवनों में रूफ टाप रेन वाटर हार्वेस्टिंग के नये कार्य" के अन्तर्गत जनपद मेरठ, हमीरपुर, एटा, महोबा, मैनपुरी, लखनऊ, आजमगढ़ व सहारनपुर के 14 कार्यों हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लो0नि0वि0, लखनऊ के अधोलिखित तालिका के स्तम्भ-2 में उल्लिखित पत्र के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि लेखाशीर्षक 4059-80-051-27-00-24 "आवासीय/अनावासीय भवनों में रूफ टाप रेन वाटर हार्वेस्टिंग के नये कार्य" के अन्तर्गत जनपद मेरठ, हमीरपुर, एटा, महोबा, मैनपुरी, लखनऊ, आजमगढ़ व सहारनपुर के 14 कार्यों हेतु कुल आगणन लागत रू0 95.28 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करते हुए उक्त के सापेक्ष **रू0 49.00 लाख(रू0 उन्चास लाख मात्र)** की वित्तीय स्वीकृति निर्गत कर निम्नांकित तालिकानुसार निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन व्यय किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

क्र0 सं0	कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लो0नि0वि0 का पत्रांक व दिनांक	जनपद का नाम	कार्य का नाम	आगणन की लागत	निर्गत की जाने वाली धनराशि
1	2	3	4	5	6
				(धनराशि रू0 लाख में)	
1	256/13एम-10(रेनवाटर हार्वेस्टिंग/2024, दिनांक 29.01.2024	मेरठ	सर्किट हाउस परिसर मेरठ में रिचार्ज वेल टेक्निक के द्वारा रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य(03 नग)।	11.28	06.00
2	तदैव	हमीरपुर	हमीरपुर में निरीक्षण भवन राठ में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य(02 नग)।	07.16	04.00
3	तदैव	एटा	एटा में निरीक्षण भवन प्रा0खं0, लो0नि0वि0, एटा परिसर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य(01 नग)।	03.50	02.00
4	तदैव	तदैव	एटा में कार्यालय भवन प्रा0खं0, लो0नि0वि0, एटा परिसर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य(01 नग)।	03.50	02.00
5	2230/13एम-10(रेनवाटर हार्वेस्टिंग/2024, दिनांक 29.01.2024	हमीरपुर	हमीरपुर में लोक निर्माण विभाग कार्यालय परिसर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य।	06.53	03.00
6	तदैव	तदैव	हमीरपुर में लोक निर्माण विभाग निरीक्षण भवन परिसर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य।	06.53	03.00
7	तदैव	तदैव	हमीरपुर की तहसील मौदहा के लोक निर्माण विभाग निरीक्षण भवन परिसर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य।	03.46	02.00
8	तदैव	महोबा	महोबा में कार्यालय प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग परिसर में रेनवाटर हार्वेस्टिंग का कार्य।	02.78	02.00
9	14/13एम-10(रेनवाटर हार्वेस्टिंग/2024, दिनांक 29.01.2024	लखनऊ	टाइप-3, जेल रोड लो0नि0वि0, कालोनी लखनऊ में रेन वाटर हार्वेस्टिंग(ब्लॉक सं0-15, 16, 17, 20, 23 व 24) का कार्य।	20.32	10.00
10	तदैव	तदैव	टाइप-4, जेल रोड लो0नि0वि0, कालोनी लखनऊ में रेन वाटर हार्वेस्टिंग(ब्लॉक सं0-16 से 20) का	17.49	08.00

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

			कार्य।		
11	321/13एम-10(रेनवाटर हार्वेस्टिंग/2024, दिनांक 31.01.2024	मैनपुरी	मैनपुरी में प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, मैनपुरी के कार्यालय में रूफ टाप रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य।	03.29	02.00
12	323/13एम-10(रेनवाटर हार्वेस्टिंग/2024, दिनांक 02.02.2024	आजमगढ़	निरीक्षण भवन आजमगढ़ में रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग का कार्य।	03.11	02.00
13	तदैव	तदैव	मुख्य अभियन्ता के आवासीय भवन में रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग का कार्य।	03.18	01.50
14	292/13एम-10(रेनवाटर हार्वेस्टिंग/2024, दिनांक 05.02.2024	सहारनपुर	सहारनपुर में निरीक्षण भवन फतेहपुर में रेनवाटर हार्वेस्टिंग का कार्य।	03.15	01.50
योग :-				**95.28**	**49.00**

नियम व शर्ते / प्रतिबन्धों

(1) प्रश्नगत कार्य हेतु लो0नि0वि0 चयनित कार्यदायी संस्था के रूप में कार्य करेगी।

(2) प्रश्नगत कार्य प्रारम्भ किये जाने से पूर्व वित्तीय नियम संग्रह भाग-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी तथा सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(3) प्रश्नगत कार्य की निविदा में प्राप्त बचत की धनराशि को सम्बन्धित अधिकारी द्वारा राजकोष में जमा किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

(4) लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित विशिष्टियों एवं मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य सम्पादित कराया जायेगा तथा सुनिश्चित किया जायेगा कि कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण हो जाय।

(5) प्रायोजना में मात्राओं को निर्माण के समय सुनिश्चित किये जाने का उत्तरदायित्व कार्यदायी संस्था के सक्षम अधिकारी/सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता का होगा।

(6) प्रायोजना का निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में अवश्य पूर्ण कर लिया जाय, जिससे कास्ट रनओवर/टाइम रनओवर की स्थिति उत्पन्न न हो।

(7) स्वीकृत धनराशि एकमुश्त न आहरित कर कार्य की आवश्कतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी तथा आहरित धनराशि बैंक, डाकघर, डिपाजिट खातें में नहीं रखी जायेगी।

(8) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों एवं समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(9) प्रश्नगत धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही है, उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में किया जायेगा तथा कार्य की प्रगति से मुख्यालय एवं शासन को भी अवगत कराना सुनिश्चित किया जायेगा।

(10) यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि स्वीकृत किये जा रहे कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा अन्य किसी श्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य योजना में सम्मिलित है।

(11) उक्त धनराशि का व्यय/उपकरणों आदि का क्रय स्टोर परचेज रूल्स एवं वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत नियमों व समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(12) प्रस्तावानुसार स्वीकृत कार्य हेतु आंकलित लागत में सम्मिलित लेबर सेस, मूल्य ह्रास निधि तथा जी0एस0टी0 आदि की धनराशि सुसंगत लेखाशीर्षकों में जमा की जायेगी।

(13) वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 17.03.2023 एवं समय-समय पर निर्गत अन्य शासनादेशों में दिये गये दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

(14) समस्त धनराशि का आहरण-वितरण सम्बन्धी कार्य, आहरण-वितरण अधिकारी द्वारा वित्तीय हस्तपुस्तिका भाग-6 में निहित प्राविधानों एवं सम्बन्धित वित्तीय नियमों/शासनादेशों व डी0डी0ओ0 कोड आवंटन विषयक वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश सं0-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04.05.2022 में निहित व्यवस्था के अधीन किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रूपये 49,00,000(रूपये उन्चास लाख मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 20232024 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 055 लेखाशीर्षक 4059800512700 आवासीय/अनावासीय भवनों में रूफ टाप रेन वाटर हार्वेस्टिंग के नये कार्य मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप सं0-2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक 17.03.2023 एवं यथा संशोधित पत्र दिनांक 19.09.2023 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधनित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीया,
नीरजा सक्सेना
संयुक्त सचिव।

संख्या:-17/2024/आई495375/001-35आ0(1)/23-5-2024-तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
2- महालेखाकार(लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
3- निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0।
4- नोडल अधिकारी, बजट, लो0नि0वि0, उ0प्र0 शासन।
5- जिलाधिकारी मेरठ, हमीरपुर, एटा, महोबा, मैनपुरी, लखनऊ, आजमगढ़ व सहारनपुर।
6- निदेशक, कोषागार, उ0प्र0 लखनऊ।
7- मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, मेरठ, हमीरपुर, एटा, महोबा, मैनपुरी, लखनऊ, आजमगढ़ व सहारनपुर।
8- वित्त नियंत्रक, कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लो0नि0वि0, उ0प्र0 लखनऊ।
9- मुख्य अभियन्ता(भवन), लो0नि0वि0, लखनऊ।
10- मुख्य अभियन्ता, मेरठ क्षेत्र, चित्रकूट धाम(बांदा) क्षेत्र, अलीगढ़ क्षेत्र, आगरा क्षेत्र, आजमगढ़ क्षेत्र व सहारनपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0।
11- अधीक्षण अभियन्ता, मेरठ वृत्त, हमीरपुर वृत्त, अलीगढ़ वृत्त, 39वां वृत्त, मैनपुरी वृत्त, आजमगढ़ वृत्त व सहारनपुर वृत्त, लो0नि0वि0।
12- अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, मेरठ।
13- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-2/प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, हमीरपुर।
14- अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, एटा।
15- अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, महोबा।
16- अधिशासी अभियन्ता, अ0अनुरक्षण खण्ड-3, लो0नि0वि0, लखनऊ।
17- अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, मैनपुरी।
18- अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, आजमगढ़।
19- अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, सहारनपुर।
20- वित्त(व्यय नियंत्रण) अनुभाग-8/लो0नि0अनु0-10/श्रम अनु0-2/गार्ड बुक।

आज्ञा से,
अभय प्रताप श्रीवास्तव
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in